डॉ. शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली)

# मोनाल

ई-पत्रिका

अंक - सप्तम पृष्ठ - 17 जुलाई-सितम्बर 2024

## संदेश



यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली) द्वारा अपने ई-न्यूज लैटर "मोनाल" के सप्तम अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। "मोनाल" के प्रकाशन का शुभारंभ इसके प्रवेशांक (सितंबर 2023) से हुआ। किसी भी संस्था का न्यूज लैटर वास्तव में एक दस्तावेज के रूप में होता है,जिसमें संस्था की गतिविधियां, उपलब्धियां और भावी कार्यक्रम सचित्र प्रतिबिंबित होते हैं। यह एक ऐसा मंच भी है जो महाविद्यालय की छात्र प्रतिभाओं को आम जनमानस के सम्मुख लाने का कार्य करता है। इसके अतिरिक्त शासकीय दृष्टि से देखा जाये तो महाविद्यालय की संपूर्ण उपलब्धियों और गतिविधियों की 'रिकार्ड कीपिंग' भी है। क्योंकि महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि इसमें तिथि सहित संकलित हो जाती है। अक्टूबर 2023 में नैक प्रत्यायन की टीम ने भी इसे बेस्ट प्रेक्टिस' माना था। मैं 'मोनाल' न्यूज लैटर के प्रकाशन के लिए प्राचार्य प्रो.वी.एन.खाली, संपादक मण्डल के डा. मदन लाल शर्मा, डा. स्वाति सुंदरियाल एवं डा.वेणीराम अन्थवाल को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और आशा करता हूं कि 'मोनाल' का यह प्रकाशन भविष्य में भी निरंतर होता रहेगा।

असीम शुभकामनाओं सहित-
प्रो.(डा.) के.एल.तलवाड़
सेवानिवृत्त प्राचार्य, संयोजक- साईं सृजन पटल
आर.के.पुरम, जोगीवाला देहरादून

## एन. सी.सी. के केडेट्स द्वारा चलाया गया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान

**10 जुलाई 2024**




महाविद्यालय कर्णप्रयाग की एनसीसी ईकाइ के कैडेटों द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन पर एक विस्तृत अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जन जागरूकता रैली में प्लास्टिक से होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों से बचाव के उपाय जनता को बताएं गए, इसके अतिरिक्त संगोष्ठी के माध्यम से समाज को यह बताने का प्रयास किया गया कि प्लास्टिक किस प्रकार से उनके जीवन और पर्यावरण को हानि पहुंचा रहा है। जन-जागरूकता रैली में कैडेटों द्वारा विभिन्न नारों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। डॉ० नैनवाल ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट सामाजिक उत्थान के कार्यक्रमों में सदैव बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। प्राचार्य डॉ० अखिलेश कुकरेती ने महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेटों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में इन कैडेटों का योगदान सराहनीय है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ० अखिलेश कुकरेती, वैयक्तिक सहायक श्री सोहन मुनियाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती मीना रियाल एनसीसी प्रभारी ले० डॉ० वाई०सी० नैनवाल उपस्थित रहे।

## प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**15 जुलाई 2024**

महाविद्यालय में बी.ए./ बी.एससी./ बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती ने नई शिक्षा नीति की बुनियादी बातों को विस्तार से बताया। साथ ही महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक कार्यक्रम सहित एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. सी. भट्ट ने करते हुए छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति, डॉ. कविता पाठक ने बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के विषयों, डॉ. इंद्रेश पांडे ने विज्ञान संकाय के विषयों, डॉ. चंद्र मोहन जन्स्वाण ने विषय संयोजन चुनने की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ नरेंद्र पंघाल, डॉ. कमल किशोर द्विवेदी, डॉ. शालिनी सैनी सहित समस्त प्राध्यापक एवं नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।





## महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया लोकपर्व हरेला

**16 जुलाई 2024**

महाविद्यालय में उत्तराखंड का लोकपर्व हरेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुकरेती के नेतृत्व में प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को भी बताया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. चंद्रावती टम्टा, डा. हिना नौटियाल व स्वयंसेवियों द्वारा नौटी बैंड पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया । कार्यक्रम में डा. कविता पाठक, डा. इन्द्रेश पाण्डेय, डा. विजय, डा. रविन्द्र, डा. स्वाति सुंदरियाल, डा. पूनम, डा. नरेंद्र पंघाल, डा. कमल किशोर द्वेवेदी, वैयक्तिक अधिकारी एस.एल. मुनियाल, मुकेश कंडारी, आदि उपस्थित रहे ।







## श्री देव सुमन की पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**25 जुलाई 2024**

महाविद्यालय में श्री देव सुमन की पुण्य तिथि पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. आर. सी. भट्ट, डॉ. वी. आर. अन्थवाल, डॉ. एम. एस. कण्डारी, डॉ. वाई. सी. नैनवाल, डॉ. एच. सी. रतूड़ी ने श्रीदेव सुमन के द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम एवं राजशाही के अत्याचार के विरुद्ध उनके योगदान पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राधा रावत, डॉ. कविता पाठक, डॉ. इन्द्रेश पाण्डेय, डॉ. नेतराम, डॉ. चन्द्रावती टम्टा, श्री एस. एल. मुनियाल, श्री जे. एस. रावत, एन. सी.सी. केडेट तथा समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





## एन.सी.सी. इकाई द्वारा मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**26 जुलाई 2024**

महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया, जिसमें भारतीय सेना के जवानों की शौर्यगाथा की विस्तृत विवेचना की गई। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देशभक्ति गीत प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट साक्षी ने द्वितीय स्थान अनुपमा ने तथा तृतीय स्थान रोहित ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कैडेट अंसू ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय तथा वेद प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ० अखिलेश कुकरेती ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल युद्ध हम सभी को भारतीय सेना के शौर्य एवं साहस की याद दिलाता है। एनसीसी प्रभारी डॉ० वाई०सी० नैनवाल ने इस अवसर पर कहा कि मातृभूमि की रक्षा में भारतीय सेना द्वारा जो अपना पराक्रम प्रदर्शित किया गया है वह निश्चित रूप से अदभुद एवं प्रसंसनीय है। इस अवसर पर डॉ० आर. सी. भट्ट डा० राधा रावत, डॉ. मदन शर्मा, डॉ. कीर्तिराम, डॉ. पूनम, डॉ. हिना, डॉ. दिशा, डॉ. शालिनी, श्री कमल किशोर द्विवेदी, श्री मुकेश कंडारी, श्री सोहन मुनियाल, श्री जगदीश रावत इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीएचसी कर्णप्रयाग द्वारा छात्र छात्राओं को रक्त दान हेतु प्रेरित किया गया।







## कर्णप्रयाग महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित शिविर में 14 यूनिट रक्तदान किया

**26 जुलाई 2024**

महाविद्यालय में "कारगिल विजय दिवस" के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।यूथ परिवर्तन क्लब महाविद्यालय रेड क्रॉस सोसाइटी, एवं महाविद्यालय छात्र संघ परिषद के संयुक्त तत्वावधान में यह विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। कर्णप्रयाग उप चिकित्सालय के प्रभारी अधीक्षक डॉ बी.पी. पुरोहित ने ब्लड डोनेशन के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान से हम किसी के जीवन को नई किरण दे सकते हैं। इस रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा 14 यूनिट ब्लड एकत्र किया तथा 100 से अधिक छात्र छात्राओं का ब्लड सैंपल लेकर उन्हें ब्लड ग्रुप की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर यूथ परिवर्तन क्लब से सुभाष गैरोला, अरविंद चौहान, अनिल नेगी, छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम नेगी पूर्व अध्यक्ष आयुष नेगी महासचिव राहुल धुनियाल, रेड क्रॉस के नोडल अधिकारी डॉ. कीर्तिराम डंगवाल ,महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आर. सी. भट्ट, डॉ. इंद्रेश पाण्डेय व अन्य प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






## कर्णप्रयाग कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन





**09 अगस्त 2024**

**महाविद्यालय में शुक्रवार को "एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट : समझ एवं अनुप्रयोग" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हिना नौटियाल ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट के बारे में सामान्य जानकारी दी तथा एबीसी आईडी बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी. एन. खाली ने कहा कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म एजुकेशन सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को आसानी से एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में स्थानांतरण की सुविधा भी प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूनम ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. कमलेश चंद्र लोहनी, डॉ. हरीश बहुगुणा उपस्थित रहे।**

## “यौन उत्पीड़न निवारण जागरूकता" पर एक दिवसीय कार्यशाला






**10 अगस्त 2024**

**महाविद्यालय में यौन उत्पीड़न निवारण समिति के तत्वाधान में "सुरक्षित परिसर : यौन उत्पीड़न निवारण जागरूकता" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित श्रीमती सीता देवी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न सहन नहीं करना चाहिए व अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी. एन. खाली ने अपने संबोधन में यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित परिसर के निर्माण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कविता पाठक ने छात्र-छात्राओं को यौन उत्पीड़न के विभिन्न पहलुओं, रोकथाम व कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ हिना नौटियाल, डॉ. स्वाति सुंदरियाल, डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. शालिनी, डॉ. दिशा व डॉ. सीमा पोखरियाल उपस्थित रहे।**

## अंग्रेजी विभाग द्वारा एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन





**14 अगस्त 2024**

**महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा सभागार में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. वी. एन. खाली ने “फंक्शन ऑफ़ लिटरेचर” पर अपना व्याख्यान दिया । इसमें प्राचार्य जी ने जॉन मिल्टन की पैराडाइज लॉस्ट और मुल्क राज आनंद की अनटचेबल के बारे में बताया । मंच संचालन डॉ. दिशा शर्मा एवं डॉ. सीमा पोखरियाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. एम.एस. कंडारी, डॉ. आर.सी. भट्ट, डॉ. राधा रावत, डॉ. नेतराम,डॉ. कविता पाठक, डॉ. चंद्रावती, डॉ हरीश बहुगुणा, डॉ. कमल किशोर द्विवेदी, डॉ. एम. एल. शर्मा, डॉ. कीर्तिराम डंगवाल, डॉ. स्वाति सुंदरियाल, डॉ. पूनम, डॉ. शालिनी, डॉ. रविंद्र, डॉ. हिना आदि प्रोफेसर उपस्थित रहे ।**

## महाविद्यालय मे आयोजित हुई 'हर घर तिरंगा रैली'

**14 अगस्त 2024**

**महाविद्यालय मे स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व अवसर पर महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट एवं छात्र-छात्राओं द्वारा "हर घर तिरंगा" रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) वी. एन. खाली ने इस अवसर पर कहा कि हमें यह आजादी एक लम्बे संघर्ष से प्राप्त हुई है। हम अपने स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियो को हमेशा याद रखे। आज हम स्वतन्त्र भारत में जो तिरंगा फहरा रहे हैं उसका हमेशा सम्मान करें। प्राचार्य महोदय ने तिरंगा रैली को महाविद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ आर. सी. भट्ट, डॉ नरेंद्र पंघाल एंव एन. सी. सी. के कैडेटों एंव छात्र-छात्राओं ने बैनर एंव तिरंगा झंडे के माध्यम से जनजागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर एवं कर्णप्रयाग बाजार में निकली। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय मे तिरंगा रैली, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों को श्रृद्धांजलि कार्यक्रम, तिरंगा प्रतिज्ञा,तिरंगा कैनवास,स्वच्छता अभियान आयोजित किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।**







## पी. जी. कालेज कर्णप्रयाग मे धूमधाम से मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस

**15 अगस्त 2024**

**78वें स्वतन्त्रता दिवस पर प्राचार्य डॉ वी. एन. खाली ने महाविद्यालय परिसर मे प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण कर प्राध्यापकों/ कर्मचारियो / एंव छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे जो यह आजादी मिली है वह बहुत संघर्षो के बाद मिली है। अपने स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी, देश को आजाद कराने वाले वीर सैनिको को हमेशा याद रखे। इसके पश्चात शौर्य दीवार पर एन.सी.सी. केडेट्स के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के समारोहक डॉ आर. सी. भट्ट ने कार्यक्रम का संचालन कर उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा प्राप्त संदेश को सबके सम्मुख पढ़ कर सुनाया। निदेशक महोदय द्वारा विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने एंव तकनीकी के साथ शिक्षा को आगे बढाने एंव अपने चारो ओर के पर्यावरण संरक्षण करने का आवाह्न समस्त प्राध्यापक/कर्मचारियो/छात्र एंव छात्राओ से किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय सभागार मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमे एन.सी.सी. एंव एन.एस.एस. के छात्र- छात्राओ ने देश भक्ति गीत गाकर स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियो को याद किया। महाविद्यालय के वरिष्ट प्राध्यापक डॉ अखिलेश कुकरेती,डॉ एम. एस. कण्डारी,डॉ बी. सी. एस. नेगी, डॉ एच सी रतूड़ी, श्री एस. एल. मुनियाल,छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम सिंह, उपाध्यक्ष राहुल धुनियाल,अंशुल रावत,राहुल रावत ने भी छात्र-छात्रओं को सम्बोधित किया। एन.सी.सी. कैडेट्स ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. एन. खाली को एंव एन.सी.सी. केयर टेकर डॉ. नरेंद्र पंघाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर परेड की सलामी दी। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर समस्त प्राध्यापक /कर्मचारी छात्र एंव छात्राएं उपस्थित रहे।**





## "स्किल एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**22 अगस्त 2024**

महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग समिति द्वारा हिमालयन इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, जिलासु के सहयोग से "स्किल एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री कैलाश चंद्र मंजखोला ने प्रभावी संचार एवं व्यक्तित्व विकास के व्यावसायिक दुनिया में महत्व पर अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी. एन. खाली में कहा कि इस संगोष्ठी से लाभान्वित होकर छात्र-छात्राओं को भविष्य में बेहतर करियर बनाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चंद्र रतूड़ी ने किया। संगोष्ठी में करियर काउंसलिंग सेल संयोजक डॉ कविता पाठक, डॉ शीतल देशवाल, डॉ मृगांक मलासी, डॉ चंद्रमोहन जन्स्वाण, डॉ कीर्ति राम डंगवाल, डॉ नरेंद्र पंघाल, डॉ शालिनी सैनी, डॉ दिशा शर्मा, डॉ अखिलेश कुकरेती, डॉ. हरीश बहुगुणा, डॉ नेतराम, डॉ. हिना नौटियाल आदि मौजूद रहे।



## महाविद्यालय मे मनाया गया “प्रथम राष्टीय अन्तरिक्ष दिवस "

**23 अगस्त 2024**

महाविद्यालय में एन. सी. सी. के कैडेट्स ने अन्तरिक्ष दिवस पर एक विचार गोष्टी आयोजित की। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ ) वी एन खाली ने एन. सी. सी. के कैडेट्स को सम्बोधित करते बाताया कि भारत ने अन्तरिक्ष मे शिव शक्ति बिन्दु पर विक्रम लैडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग की और चन्द्र की सतह पर प्रज्ञान रोवर को तैनात किया। डॉ. एम. एल. शर्मा ने अपने सम्बोधन में बताया कि कैसे चन्द्रयान-2 की असफलता के बाद पड़ोसी देशो ने भारत का मजाक उड़ाया फिर भी भारत ने हिम्मत न हारते हुए चन्द्रयान-3 लांच किया। डॉ नरेंद्र पंघाल ने भारत की आज तक प्राप्त अन्तरिक्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से बताया। उन्होने मगंलयान, मिशन शक्ति आदित्य मिशन की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि भारत दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एंव एन. सी. सी. के समस्त कैडेट्स  एंव छात्र-छात्राएं  रहे।














## महाविद्यालय में "अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी जातीय कोष" छात्रवृत्ति सम्बन्धी बैठक आयोजित

**27अगस्त 2024**

**महाविद्यालय में "अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी अग्रवाल जातीय कोष, मुम्बई " द्वारा निर्धन छात्रों के लिए शिक्षा सहायता हेतु 30 छात्रों के चयन के लिए एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे छात्र जिनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उन्हें ₹ 2000 प्रति छात्र धनराशि आवंटित की जायेगी| जिसके लिए आय प्रमाण पत्र, अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका, आधार कार्ड, फीस रसीद, राशन कार्ड एवं आवेदन पत्र हेतु 02 पासपोर्ट साइज फोटो महाविद्यालय की उक्त कमेटी के पास जमा करनी होगी। बैठक में मित्तल महिला महाविद्यालय सरदारशहर, राजस्थान की प्रबन्धन समिति के सदस्य प्रो. के. एल. तलवाड ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहें साथ ही बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० विश्वनाथ खाली, समिति के संयोजक डॉ. मदन शर्मा एवं सदस्य सुश्री हिना नौटियाल, श्रीमती स्वाति सुन्दरियाल, श्री कीर्तिराम डंगवाल डॉ. सुशील चन्द्र सती एवं श्री जे. एस. रावत उपस्थित रहे।**





## स्वयंसेवियो ने किया 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंशियल प्रोग्राम' में प्रतिभाग

**29 अगस्त 2024**

**युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 1 अगस्त से 29 अगस्त तक राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के छात्र-छात्राओं हेतु 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंशियल प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था के संचालन के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कर्णप्रयाग कॉलेज के 6 छात्र-छात्राओं ने इस अनूठे कार्यक्रम में कर्णप्रयाग थाने में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को पुलिस की विभिन्न जिम्मेदारियों जैसे कानून व्यवस्था बनाए रखना, जन शिकायतों का निपटारा करना और न्यायिक प्रणाली की बारीकियों को समझने का अवसर मिला। राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रावती ने कहा कि इस प्रशिक्षण ने छात्रों को समाज में पुलिस की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्रदान की और उनके सामाजिक उत्तरदायित्व और नागरिक कर्तव्यों को और प्रबल किया। प्रतिभागी स्वयंसेवियो अस्मिता, निधि, हिमानी फर्सवान, सूरज, हिमानी नेगी व प्रिया ने इस अनूठे अनुभव के लिए आभार व्यक्त किया।**



## युवा संसद में सीखी छात्रों ने लोकतंत्र की बुनियादी संरचना

**30 अगस्त 2024**

महाविद्यालय में धूमधाम से युवा संसद/तरुण सभा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के उद्देश्य से युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा संसद/ तरुण सभा के संयोजक डॉ. कीर्तिराम डंगवाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए कहा कि तरुण सभा में नए सदस्यों की शपथ, मंत्रिमंडल के सदस्यों का परिचय, प्रश्नकाल का आयोजन, शून्य काल का आयोजन, ध्यान आकर्षण प्रस्ताव आदि क्रियाकलाप किए जायेंगे। इस अवसर पर डॉ. मदन लाल शर्मा ने युवा संसद/यूथ पार्लियामेंट/तरुण सभा के उद्देश्यों को रखा। मुख्य अतिथि नंदप्रयाग नगर पंचायत की अध्यक्ष डॉ हिमानी वैष्णव ने कहा कि युवाओं में लोकतंत्र के प्रति गंभीरता बढ़ाने के लिए यह एक सार्थक प्रयास है । विशिष्ट अतिथि सभासद कर्णप्रयाग नगर पालिका, नवीन नवानी ने भी इस अवसर पर सभा को संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वी. एन. खाली ने इस आयोजन के लिए आयोजन समिति तथा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में अध्यक्ष की भूमिका प्रज्ञा खंडूरी ने निभाई। इसके अलावा प्रधानमंत्री शुभम, महासचिव रीना, गृहमंत्री प्रियंका, विदेश मंत्री अजय पाटिल, रेल मंत्री अमीषा, शिक्षा मंत्री अंजली, सड़क परिवहन मंत्री दीक्षा, नेता प्रतिपक्ष कपिल, उप नेता प्रतिपक्ष राहुल, वित्त मंत्री सलोनी, खेल मंत्री लवली बिष्ट, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश, कृषि मंत्री प्रिया आदि ने अपनी भूमिका निभाई।

विपक्षी सांसदों में डौली, प्रियंका, दीया, मयंक भंडारी, चांदनी, अंकित, सानिया, ज्योति, सोनी आदि ने अपनी भूमिका निभाई। डॉ. कविता पाठक, डॉ. वी . आर .अंथवाल, तथा डा. मृगांक मलासी ने जज की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा राजनीति विज्ञान के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


















## राजनीति विज्ञान विभाग में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**5 सितम्बर 2024**

महाविद्यालय में आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वी. एन. खाली तथा राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. कविता पाठक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर खाली जी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा की देश के प्रत्येक शिक्षक को उनके बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ. कविता पाठक ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा कि शिक्षक समाज सुधारक होता है जो देश को नई दिशा देता है। कार्यक्रम में एम. ए. प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के अलावा डॉ. आर.सी. भट्ट, डॉ. शालिनी सैनी, डॉ. दिशा शर्मा, डॉ मदन लाल शर्मा, डॉ. स्वाति सुंदरियाल, डॉ पूनम चौहान, डॉ. कीर्तिराम डंगवाल, डा . चंद्रावती टम्टा आदि उपस्थित रहे।






## इतिहास विभाग की एम. ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया शिक्षक दिवस कार्यक्रम

**5 सितम्बर 2024**

एम. ए. इतिहास, प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. वेणी राम अंथवाल ने एक प्रेरणादायक संदेश छात्रों को दिया जिसमें उन्होंने शिक्षा एवं शिक्षा के अवसरों के महत्व तथा एक छात्र की समाज निर्माण में जिम्मेदारी और भागीदारी के विषय में बताया। वहीं इतिहास विभाग की विभागध्यक्ष डॉ. पूनम ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक मात्र ज्ञान के संवाहक नहीं है बल्कि एक समाज सुधारक और भविष्य निर्माता भी होते हैं। अंत में इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. स्वाति सुंदरियाल ने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य है कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें बल्कि उन्हें व्यावहारिक एवं नैतिक ज्ञान भी प्रदान करें साथ ही छात्रों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और अपने शिक्षकों का सम्मान करने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में निकिता मैंठाणी, निकिता खंडूडी, सृष्टि अग्रवाल, अर्चना, दामिनी उपस्थित रहे।










## वाणिज्य विभाग द्वारा उतराखंड ग्रामीण बैंक के सहयोग से "वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम" आयोजित

**5 सितम्बर 2024**

शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बैंक के शाखा प्रबंधक प्रियंक खैनाल के द्वारा छात्र-छात्राओं को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा एवं सभी वित्तीय उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र रतूड़ी, डा.नेतराम, डॉ.दीप सिंह, डॉ. हिना नौटियाल,डॉ. रवीन्द्र कुमार, तरूण आर्य, डॉ. सुशील सती , डॉ. विश्वपति भट्ट आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी.एन. खाली ने उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक का धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिससे छात्र-छात्राएं लाभांवित हो सकेंगे।






## महाविद्यालय परिवार ने ली हिमालय दिवस पर संरक्षण की प्रतिज्ञा

**09 सितम्बर 2024**

भूगोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी.एन. खाली ने हिमालय के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हिमालय हमारे देश का मस्तक है। हमारे जीवन का आधार है। हिमालय की गगनचुंबी शिखर हमें नई ऊंचाई छूने की प्रेरणा देता है। हम सबको हिमालय के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। हिमालय दिवस पर भूगोल विभाग में आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया। जिसमे भूगोल विषय के छात्र-छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बुलंदी संस्था के संस्थापक बादल बाजपुरी अन्तर्राष्ट्रीय कवि ने अपनी कविता एवं व्याख्यान के माध्यम से हिमालय संरक्षण पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हिमालय ही हमारी समृद्धि एवं उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। यदि हिमालय सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं। युवा कवयित्री अक्षिता रावत ने भी अपनी कविता के माध्यम से हिमालय की सुरक्षा का सन्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डा.आर. सी. भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हिमालय दिवस की थीम "हिमालय का विकास दशा एवं दिशा" रखी गयी है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण हिमालय क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र है। उच्च हिमालय क्षेत्र में छेड़-छाड़ एवं आवाजाही पर रोक होनी चाहिए क्योंकि हिमालय क्षेत्र पारिस्थितिक तंत्र से जुड़ा हुआ है। इसकी सुरक्षा के प्रति हम सबकी जवाबदेही है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मुख्य वक्ता बादल बाजपुरी एवं अक्षिता रावत को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अखिलेश कुकरेती, डॉ. एम.एस. कण्डारी, डॉ. राधा रावत, डॉ. इन्द्रेश कुमार पाण्डेय, डॉ. बी. सी. एस. नेगी, डॉ. नेहा तिवारी पाण्डेय, डॉ. नरेंद्र पंघाल सहित भूगोल विषय के समस्त छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।








## राजनीति विज्ञान विभाग के अंतर्गत विभागीय परिषद का गठन

**09 सितम्बर 2024**





महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के अंतर्गत विभागीय परिषद का गठन किया गया। यह विभागीय परिषद वर्ष भर विभाग के अंतर्गत होने वाली विभागीय गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का संचालन करेगी। इस विभागीय परिषद में अध्यक्ष पद पर शुभम ममगाईं एम. ए. तृतीय सेम, उपाध्यक्ष दिया एम. ए. प्रथम सेम, सचिव सलोनी बी. ए. पंचम सेम, सहसचिव रूपा बी. ए. तृतीय सेम तथा कोषाध्यक्ष मीनाक्षी बी. ए. प्रथम सेम को चुना गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्य डॉ. वी. एन. खाली ने बताया कि विभागीय परिषद लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने की एक जीवंत प्रक्रिया है। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. कविता पाठक ने छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता के विकास को बढ़ाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. मदन शर्मा, डॉ.कीर्तिराम डंगवाल तथा राजनीति विज्ञान विषय से संबंधित समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**10 सितम्बर 2024**





महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं रोवर्स रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवाई का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश कुकरेती ने छात्र-छात्राओं को अल्बेंडाजोल के नियमित सेवन के लाभ बताते हुए कहा कि यह परजीवी संक्रमण से बचाव करती है। एक निश्चित अंतराल में दवा के सेवन से खून की कमी पर नियंत्रण, प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि व शरीर के पौष्टिक तत्वों में वृद्धि होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी. एन.खाली ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ उनमे स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता व जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रावती टम्टा ने किया। इस अवसर पर डॉ. शीतल देशवाल, डॉ. हरीश चंद्र रतूड़ी, डॉ. हिना नौटियाल डॉ. नरेंद्र पंघाल, डॉ इंद्रेश पांडेय, डॉ. कीर्ति राम डंगवाल, डॉ. कमल किशोर द्विवेदी मौजूद रहे।





## धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जयन्ती

**11 सितम्बर 2024**

महाविद्यालय में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की 137वी जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी. एन. खाली द्वारा भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की छायाप्रति पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का व्यक्तित्व वर्तमान समय में हमारे लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. राधा रावत ने भी पंडित गोविंद बल्लभ पंत के व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी जानकारी छात्र- छात्राओं के सम्मुख साझा की। इस कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. इंद्रेश कुमार पांडे, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. कीर्ति राम डंगवाल ने भी पंडित गोविंद बल्लभ पंत के व्यक्तित्व के संबंध में अपनी जानकारी प्रस्तुत की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रज्ञा बी०ए० पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अंशुल रावत बी० ए० पंचम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान प्रियंका तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिना बी० एस०सी० पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्रज्ञा बी०ए० पंचम सेमेस्टर, तृतीय स्थान प्रियंका बी०ए० पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ०अखिलेश कुकरेती, डॉ. इंद्रेश कुमार पांडे, डॉ. भालचंद सिंह नेगी, डॉ. वी. आर. अंथवाल, डॉ. कीर्तिराम डंगवाल, डॉ. हरीश बहुगुणा उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व कर्मचारियों का उपस्थित रहे।







## साहिबा का उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के सीड फंड के लिए चयन

**12 सितम्बर 2024**

महाविद्यालय में अध्ययनरत एम. एस. सी. प्रथम सेमेस्टर (जन्तु विज्ञान) की छात्रा साहिबा का उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के सीड फंड के लिए चयन हुआ है। इस योजना का उद्देश्य युवा उद्यमियों को अपने व्यवसायिक विचारों को साकार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। साहिबा को उनके स्टार्टअप आइडिया 'वेस्ट मटेरियल से डेकोरेटिव आइटम' बनाने हेतु 75000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है । साहिबा का स्टार्टअप आइडिया पर्यावरण संरक्षण में मददगार साबित होगा। देवभूमि उद्यमिता समिति के संयोजक डॉ. हरीश बहुगुणा ने कहा कि साहिबा ने अपनी नवाचारी सोच व रचनात्मकता के चलते यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी. एन.खाली ने साहिबा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। साहिबा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्राध्यापको व परिवार को दिया और कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग वह अपने व्यवसायिक विचार को साकार करने में करेगी।






## " हिन्दी विभाग द्वारा मनाया गया हिन्दी दिवस "

**14 सितम्बर 2024**

हिंदी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य ने द्वीप प्रचलित कर किया । इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की छात्राओं में प्रियंका, राखी और तनीषा गौड़ ने" हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति व भविष्य" को लेकर अपनी स्वरचित कविताओं का वाचन किया। वर्तमान समय में हमें हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है और भविष्य में हिंदी की स्थिति क्या होगी इन सब बिंदुओं को लेकर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी अपने विचार साझा किए । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वी. एन. खाली ने भी हिंदी भाषा की "उपयोगिता व प्रासंगिकता "पर अपने विचार प्रस्तुत किये। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. राधा रावत ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है और हिंदी भाषा को समृद्ध करके ही हम अपने अस्तित्व को बचाने में सफल हो सकते हैं। रविंद्र नेगी ने भी हिंदी भाषा के महत्व व इसकी वैज्ञानिकता पर अपने विचार प्रकट किये। डॉ. चंद्रमोहन जनस्वान ने भी वर्तमान समय में हिंदी की प्रासंगिकता को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. इंद्रेश कुमार पांडे डॉ. अखिलेश कुकरेती, डॉ.आर.सी.भट्ट, डॉ.कीर्ति राम डंगवाल, डॉ. कमल किशोर द्विवेदी, डॉ. कविता पाठक, डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ. पूनम डॉ. शालिनी सैनी, डॉ.दिशा शर्मा, श्री जगदीश रावत, श्री एस. एल. मुनियाल व मुकेश कंडारी आदि उपस्थित रहे।










## महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन

**20 सितम्बर 2024**

महाविद्यालय में भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चल रहे "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान उमट्टा श्री महेंद्र कुमार ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसे बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, स्वयंसेवियों को इस दिशा में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है I महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अखिलेश कुकरेती ने कहा कि स्वच्छता केवल हमारे आस-पास की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज और विचारों की शुद्धता का भी प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रावती टम्टा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अभी तक साफ सफाई व महाविद्यालय के गमलो में लगे पौधों की निराई- गुड़ाई का कार्य किया जा चुका है I विचार गोष्ठी में स्वयंसेवी अंशुल रावत, मंजू, अंकिता व अन्य ने अपने विचार साझा किये I इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हिना नौटियाल, डॉ चंद्र मोहन जनस्वाण, डॉ. हरीश बहुगुणा आदि उपस्थित रहे I






## महाविद्यालय में NSS स्थापना दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**24 सितम्बर 2024**

महाविद्यालय में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती और मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजू बिष्ट, श्रीमती कृष्णा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मदन लाल शर्मा ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी एवं स्वयंसेवियों को साइबर क्राइम, मोबाइल व नशे की लत के दुष्प्रभाव से समाज को जागरूक करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी और हिमाचली गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, पलायन की पीड़ा दर्शाता एक नाटक प्रस्तुत किया, साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया I मुख्य अतिथि श्रीमती अंजू बिष्ट स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवियों को पढ़ाई के साथ-साथ समाज का अच्छा नागरिक बन एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है I महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुकरेती ने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों को बहुत सुंदर एवं भव्य आयोजन बधाई देते हुए कहा कि एन.एस.एस. के विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं की छिपी प्रतिभाएं उजागर होती है I कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रावती टम्टा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हिना नौटियाल, चंद्रमोहन जनस्वाण, डॉ. आर. सी. भट्ट, डॉ. भाल चंद नेगी सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे I














## महाविद्यालय परिसर में चलाया सफाई अभियान

**23 सितम्बर 2024**

महाविद्यालय में सोमवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रशासनिक भवन प्रांगण, पार्किंग, व क्यारियों में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की पार्किंग में उगी झाड़ियो का कटान, क्यारियों की निराई-गुड़ाई की गई और झाड़ियां व प्लास्टिक अपशिष्ट को अलग-अलग एकत्रित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वयंसेवियों सलोनी, अजय, मंजू, अभिषेक, रिया, अंशुल व राहुल ने भी स्वेच्छा से इस अभियान में भाग लिया और महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया। प्राचार्य प्रो. वी. एन. खाली ने इस अवसर पर कहा कि स्वयंसेवियों द्वारा किया गया यह प्रयास सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रावती टम्टा, हिना नौटियाल व डॉ. चंद्र मोहन जनस्वाण उपस्थित रहे।





## रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**28 सितंबर 2024**

महाविद्यालय में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम (नांदी फाऊंडेशन) की और से आयोजित 6 दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में नवीन थपलियाल ने विद्यार्थियों को संचार कौशल, साक्षात्कार कौशल, समूह चर्चा, स्वच्छता, परिधान आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। समापन सत्र में प्राचार्य प्रो. वी.एन. खाली ने प्रशिक्षण की विद्यार्थियों के लिए क्या उपयोगिता रही? इस पर बच्चों से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ० वी.आर. अंथवाल ने किया । कार्यक्रम में कौशल विकास समिति के संयोजक डॉ. हरीश बहुगुणा एवं सदस्य कीर्तिराम डंगवाल, हिना नौटियाल, भरत बैरवाण, कमल किशोर द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



## कर्णप्रयाग कॉलेज गेस्ट हाउस में NSS स्वयंसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**28 सितंबर 2024**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को कॉलेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने कॉलेज गेस्ट हाउस के पीछे झाड़ियों का कटान व साफ-सफाई की। इस अभियान में स्वयंसेवियों ने परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ चंद्रावती टम्टा व हिना नौटियाल ने स्वयंसेवियों के योगदान की सराहना की और इस तरह के अभियानों को सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



## पूर्व निदेशक दूरदर्शन, डॉ. सुभाष थलेडी ने छात्रों को करियर काउंसिलिंग की जानकारी दी

**28 सितंबर 2024**

**महाविद्यालय में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक करियर विकल्पों और नवीन आजीविका के संसाधनों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, डॉ. सुभाष थलेडी, पूर्व निदेशक दूरदर्शन, ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध आजीविका के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बदलते समय के साथ तकनीक और नवीनतम ज्ञान के प्रति जागरूक रहने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। अपने अनुभवों को साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को नवाचार और रचनात्मकता की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. वी.एन. खाली, ने करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और बताया कि कैसे सही मार्गदर्शन से छात्र अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। करियर काउंसिल सेल की संयोजिका, डॉ. कविता पाठक, ने महाविद्यालय द्वारा छात्रों के करियर निर्माण हेतु किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।**





## एन.एस.एस. के स्वयं सेवियों ने ग्रहण की स्वच्छता शपथ

**28 सितंबर 2024**

**महाविद्यालय, कर्णप्रयाग में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वी. एन. खाली ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई व स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। शपथ के दौरान छात्रों ने अपने घर, विद्यालय, और समाज को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. डंगवाल ने कहा कि इस स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ चंद्रावती टम्टा, हिना नौटियाल, डॉ चंद्र मोहन जनस्वाण, डॉ. मदन लाल शर्मा उपस्थित रहे।**






## मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

**30 सितंबर 2024**

महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 24 नगर पालिका कर्णप्रयाग की बूथ लेवल अधिकारी श्रीमती पुष्पा देवी तथा मनोहर पुरोहित द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनाने तथा मतदाता रजिस्टर में पंजीकरण करवाने के लिए आवेदन वितरित किये गए। 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं ने आवेदन पत्र भरे। महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता क्लब द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान, मतदाता पंजीकरण तथा मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में महाविद्यालय के छात्र कैंपस एंबेसडर मनीष तथा छात्रा कैंपस एम्बेसडर दिया द्वारा इस आयोजन को प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. कविता पाठक ने बताया कि इस प्रकार के शिविर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वी. एन. खाली ने बताया कि मतदान लोकतंत्र की प्रमुख आधारशिला है। यह एक महादान है। शिविर में कई छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए पंजीकरण करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक कीर्तिराम डंगवाल, डॉ मदन शर्मा तथा समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।










**संरक्षक - प्रो. (डॉ.) विश्वनाथ खाली (प्राचार्य)**

**संपादक मंडल**

**डॉ. मदन लाल शर्मा**

**श्रीमती स्वाति सुन्दरियाल**

**डॉ. वेणी राम अंथवाल**